# कन्हैया चूड़ी बेचने चला | By Jai Shankar Chaudhary |

आँखों में काजल डाला
और होंठ लगाई लाली
चूड़ी ले लो चूड़ी ले लो
आई चूड़ीवाली
आए हाय हाय हाय मेरे रामा
कन्हैया चूड़ी बेचने चला

नई नई आई हूँ मैं
तू मुझसे अनजान है
थोड़ी दूर पर बाई गली में
चूड़ी की दुकान है
आए हाय राधे का दीवाना
कन्हैया चूड़ी बेचने चला
कन्हैया चूड़ी बेचने चला

नरम कलाई में चूड़ी
धीरे धीरे पहनाए
अगर प्रेम हो ऐसा हो
मर्द जनाना बन जाए
आए हाय ढूँढा क्या बहाना
कन्हैया चूड़ी बेचने चला
कन्हैया चूड़ी बेचने चला

गोरा गोरा मुख तेरा
काले काले हाथ हैं
घूँघटा खोल चूड़ीवाली
बतलाओ क्या बात है
आए हाय हँसेगा जमाना
कन्हैया चूड़ी बेचने चला
कन्हैया चूड़ी बेचने चला

राधा से मिलने आया
धर के भेष लुगाई का
कैसे हाल लिखूँ बनवारी
कान्हा की पिटाई का
आए हाय कैसा ये फसाना
कन्हैया चूड़ी बेचने चला
कन्हैया चूड़ी बेचने चला

आँखों में काजल डाला
और होंठ लगाई लाली
चूड़ी ले लो चूड़ी ले लो
आई चूड़ीवाली
आए हाय हाय हाय मेरे रामा
कन्हैया चूड़ी बेचने चला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a5%82%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a5%87%e0%a4%9a%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-jai-shankar/